e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व **एवं भूमि सुधार विभाग**
(भू–अभिलेख **एवं परिमाप निदेशालय)**
स0सं0:–17–विशेष सर्वेक्षण–**विविध–मार्गदर्शन–133/2015**...2686

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

राज्य सूचना विज्ञान पदाधिकारी
एन0आई0सी0, पटना।

पटना, दिनांक :–07-09-2021

विषय :– भू–नक्शा सॉफ्टवेयर से तैयार मानचित्रों में संकेत चिन्हों के संबंध में।
प्रसंग :– निदेशालय का पत्रांक–1358 दिनांक–01.04.2021
महाशय,

उपर्युक्त विषय एवं प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त नियमावली, 2012 (संशोधित, 2019) अंतर्गत जिले के राजस्व ग्रामों का खानापुरी पर्चा एवं एल0पी0एम0 वितरित किया जा रहा है। प्राप्त दावा/आपत्ति की सुनवाई उपरांत आपत्ति/दावा का निष्पादन किया जा रहा है। नियमावली के नियम–11 अनुसार खानापुरी अधिकार–अभिलेख प्रारूप की तैयारी किया जाना है, जिसमें मानचित्र सहित खानापुरी अधिकार अभिलेख का प्रारूप प्रकाशन किया जाएगा। मानचित्र में Legends को सांकेतिक चिन्ह में प्रदर्शित कराना आवश्यक होता है। प्रासंगिक पत्र 1358 से उपलब्ध संकेत चिन्हों को .svg Format में भू–नक्शा में प्रदर्शित करने के लिए श्री संजय कुमार, तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0 को उपलब्ध कराया गया था किन्तु अब तक इस संबंध में की गई किसी कार्रवाई से निदेशालय को अवगत नहीं कराया गया है। वर्त्तमान में विशेष सर्वेक्षण शिविरों द्वारा किए जा रहे LPM वितरण कार्य को देखते हुए इसको किया जाना अनिवार्य है।

अतः आपसे अनुरोध है कि पूर्व में .svg Format में उपलब्ध कराए गए संकेत चिन्हों को भू–नक्शा सॉफ्टवेयर में तैयार LPM में प्रदर्शित करने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाए ताकि विशेष सर्वेक्षण कार्य को ससमय निष्पादित किया जा सके।

विश्वासभाजन

(जय सिंह) 6/9/21
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 17– विशेष सर्वेक्षण–विविध–मार्गदर्शन–133/2015...2686...**पटना, दिनांक** :.07-09-2021

प्रतिलिपि :– श्री संजय कुमार, तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक, 6/9/21
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 17– विशेष सर्वेक्षण–विविध–मार्गदर्शन–133/2015...2686...**पटना, दिनांक** :07-09-2021

प्रतिलिपि :– सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप/प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप/प्रभारी, आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक, 6/9/21
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Sanjeev-2021\Birendra kumar ASO\Director\file no 133 2015 03.09.2021.doc

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
संख्या – 17– विशेष सर्वेक्षण–विविध–मार्गदर्शन–133/2015...1358

प्रेषक,

मुकुल कुमार,
सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

श्री संजय कुमार,
तकनीकी निदेशक,
एन0आई0सी0, पटना।

पटना, दिनांक :–01-04-2021

विषय :– भू–नक्शा सॉफ्टवेयर से तैयार मानचित्रों में संकेत चिह्नों के प्रदर्शन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में दिनांक–03.12.2020 को एन0आई0सी0, दिल्ली के साथ विडियो कॉफ्रेसिंग के द्वारा विमर्श किया गया था तथा दिनांक–07.12.2020 को प्राप्त ई–मेल के द्वारा संकेत चिह्नों को भू–नक्शा सॉफ्टवेयर में तैयार L.P.M पर प्रदर्शित करने के लिए सभी संकेत चिह्नों को .svg फॉर्मेट में मांगा गया था। एन0आई0सी0, पटना द्वारा इस फॉर्मेट में संकेत चिह्नों को उपलब्ध कराने हेतु दो से तीन कार्यबल की मांग की गई थी। उपलब्ध संकेत चिह्नों को .svg फॉर्मेट में भू–नक्शा से संबंधित अग्रेतर कार्रवाई हेतु उपलब्ध कराया जा रहा है।

विदित हो कि भू–नक्शा सॉफ्टवेयर द्वारा भविष्य में मानचित्रों को अद्यतन रखने की कार्रवाई की जानी है तथा Webservice के माध्यम से लोक सेवाओं को संचालित किया जाना है। इस संदर्भ में .svg फॉर्मेट में सभी संकेत चिह्नों को DVD के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है। कृपया अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्राप्ति स्वीकार की जाए तथा निदेशालय को कृत कार्रवाई से अवगत कराने की कृपा की जाय।

अनुलग्नक– यथोक्त।

विश्वासभाजन
(हस्ताक्षर) 01/04/21
(मुकुल कुमार)
सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– 17– विशेष सर्वेक्षण–विविध–मार्गदर्शन–133/2015...1358... पटना, दिनांक :01-04-2021

प्रतिलिपि :– निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 01/04/21
सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 17– विशेष सर्वेक्षण–विविध–मार्गदर्शन–133/2015...1358... पटना, दिनांक :01-04-202

प्रतिलिपि :– जी0आई0एस0 सलाहकार, बी0पी0एम0यू0/प्रभारी, तकनीकी कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप/प्रभारी, आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 01/04/21
सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Survey 2021\Chandan Kumar, GIS Advisor, BPMU\Assistant Director\23.03.2021.doc